तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 11 जुलाई 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

2 ओएनसी व सेंटर पाइंट में देर रात छलकाए जा रहे थे जाम, पुलिस ने मारा छापा



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## 2 जुलाई को संलग्नीकरण हुआ था समाप्त, सप्ताह भर दूसरे स्कूल में फिर किया संलग्न


# राज्य शासन के आदेश को नवागढ़ विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने दिखाया ठेंगा, प्रधान पाठक को मनचाही शाला में किया अटैच


हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


राज्य शासन के संलग्नीकरण समाप्त करने के एक आदेश पर जहां जिला ही नहीं प्रदेश भर में अटैच शिक्षकों में मूल शालाओं में भेजा जा रहा है तो वहीं दूसरी ओर जिले के नवागढ़ विकासखंड में जिम्मेदार अधिकारी ने शासन के आदेश को ठेंगा दिखा दिया है। दरअसल यहां एक शिक्षक को पूर्व में संलग्न शाला से कार्यमुक्त करते हुए मूल शाला भेजने की जगह दूसरे स्कूल में अटैच करके प्रधान पाठक की जिम्मेदारी दे दी गई है। ऐसे में शिक्षा विभाग की कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगे है।

नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत शिवरीनारायण में शासकीय कन्या पूर्व शाला में पदस्थ प्रधान पाठक को विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ ने गुरूवार 9 जुलाई को एक आदेश जारी करके शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेल्हा में अटैच कर दिया है। खास बात यह है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नवागढ़ से जारी आदेश में उक्त प्रधान पाठक को जिला शिक्षा अधिकारी से दूरभाष पर प्राप्त निर्देश एवं शाला प्रबंधन विकास समिति से प्राप्त आवेदन के आधार पर अध्यापन व्यवस्था के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेल्हा में अध्यापन कराने हेतु निर्देशित किया गया है। इधर बीईओ के इस आदेश पर उक्त शिक्षक ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेल्हा पहुंचकर शुक्रवार 10 जुलाई को अध्यापन व्यवस्था के तहत कार्यभार ग्रहण भी कर लिया। खास बात यह है कि उन्हें संलग्नीकरण में भी प्रधान पाठक की जिम्मेदारी मिली है और विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के मुताबिक वे 30 अप्रैल 2027 यानि पूरे सत्र के अंत तक अध्यापन व्यवस्था के तहत संलग्न रहेंगे। राज्य शासन ने बीते 23 जून को ही संलग्नीकरण समाप्त कर सभी संलग्न शिक्षकों को मूल शाला में भेजने के आदेश दिए है। इसके तहत अटैच शिक्षकों को मूल शाला में भेजने का काम हो रहा है। ऐसे में नवागढ़ विकासखंड में प्रधान पाठक को पूरे सत्र के लिए अटैच करने का यह मामला ना केवल चर्चा का विषय बना हुआ है, बल्कि शासन के आदेशों की अवहेलना और जिम्मेदार विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे है।

### बेलगाम हुआ शिक्षा विभाग, नियमों की उड़ रही धज्जियां







### नहीं चलेगा अटैचमेंट, भेजेंगे मूल शाला

राज्य शासन के आदेशानुसार संलग्नीकरण को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। नवागढ़ विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने यदि किसी का अटैचमेंट किया है तो वह नहीं चलेगा। इसकी जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी। अटैच शिक्षक को मूल शाला में भेजेंगे। उसके खिलाफ शिकायत है तो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए, अटैचमेंट नहीं।

-अशोक सिन्हा, डीईओ, जांजगीर चांपा

### गंभीर शिकायत पर कार्रवाई की जगह अटैचमेंट का खेल

शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ जिस शिक्षक को बीते साल भर तक अन्य शाला में अटैच करके रखा गया था। बताया जाता है कि उसके खिलाफ गंभीर शिकायतें मिली थी। ऐसे में उच्च कार्यालय ने उक्त शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई के आदेश दिए थे, लेकिन यहां जिम्मेदार ब्लाक व डीईओ के संरक्षण में उक्त शिक्षक के खिलाफ विधि सम्पत कार्रवाई करने के बजाए उसे मनचाहे स्कूल में संलग्न करने का खेल खेला जा रहा है। हद तो यह है कि प्रधान पाठक के पद पर उन्हें संलग्न किया जाता है।

### वेतन आहरण पर सवाल

शासन के आदेशानुसार व्हीएसके एप में आनलाइन उपस्थिति होने पर ही शिक्षकों को आगामी माह से वेतन भुगतान होना है। खास बात यह है कि व्हीएसके एप में अटेंडेस मूल पदस्थ शाला में ही होना है। ऐसे में जिस प्रधान पाठक को अटैच कर बेल्हा स्कूल में कार्यभार ग्रहण कराया गया है, उनका व्हीएसके एप में अटेंडेस और वेतन आहरण कैसे होगा। यह बड़ा सवाल है।

## खबर संक्षेप

### खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित

**सक्ती।** कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा प्रदत्त डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए वर्ष के लिए कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक कृषक 31 जुलाई तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उप संचालक कृषि से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र उप संचालक कृषि कार्यालय तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित कार्यालय में अंतिम तिथि तक जमा किए जा सकते हैं। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के अंतर्गत चयनित कृषक को 2 लाख रुपये की सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए 22 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के प्रावधानों के तहत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा ने विकासखंड बम्हनीडीह के शासकीय उचित मूल्य दुकान बिर्रा एवं शासकीय उचित मूल्य दुकान सिलादेही में संचालनकर्ता रिक्त होने के फलस्वरूप उक्त ग्राम पंचायत के शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए उक्त ग्राम पंचायत के इच्छुक संस्था, समूह अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में 22 जुलाई को शाम 5 बजे तक इस कार्यालय में प्रस्तुत करें।

### जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया हैं। चयन परीक्षा 28 नवम्बर को प्रातः 11.30 बजे आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि वे विद्यार्थी, जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले के किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा 5वीं में 31 जुलाई 2025 से पहले तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत हैं, और जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच है, वे नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## चांपा में अतिक्रमण हटाओ अभियान, संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

# चला प्रशासन का बुलडोजर, बैरियर चौक से हटाई गई दर्जन भर दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर के प्रवेश द्वार चांपा (बैरियर) चौक पर लंबे समय से किए गए अतिक्रमण के खिलाफ शुक्रवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। राजस्व विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर की मदद से दर्जन भर दुकान को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों का सामान भी जब्त किया गया।

बताया जा रहा है कि बैरियर चौक पर लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन को कई बार लिखित शिकायतें की गई थीं। अधिकारियों ने पूर्व में अतिक्रमणकारियों को समझाइश देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे, लेकिन निर्देशों का पालन नहीं होने पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए दर्जन भर दुकाने को हटवाने की कार्रवाई की गई। शुक्रवार 10 जुलाई को कार्रवाई के दौरान नगर पालिका परिषद चांपा की अधिकारी शीतल चंद्रवंशी अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं। उनके साथ नगर पालिका के राजस्व अमला, इंजीनियर तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। वहीं राजस्व विभाग की ओर से तहसीलदार प्रशांत पटेल के नेतृत्व में पूरी कार्रवाई कराई गई, लेकिन पालन नहीं होने पर बुलडोजर कार्रवाई की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे मामलों में प्रशासन की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। सूचना के अनुसार यह कार्यवाही सड़कों पर अतिक्रमण करते हुए जाम की स्थिति से जूझने की वजह से की गई है वही अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण करियों को वहां से हटा कर सरकार की योजना के तहत निर्मित पौनी पसारी में स्थल उपलब्ध करवाकर बाजार बसाने को तैयार है।



बेजाकब्जा हटाने के दौरान व्यापारियों को समझाईश देते संयुक्त टीम।



### की गई है कार्रवाई

चांपा बेरियर चौक के पास कुछ दुकानदारों के द्वारा अतिक्रमण किया गया था। शुक्रवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। साथ ही साथ आगे इस तरह के अतिक्रमण नहीं करने को लेकर हिदायत दी गई है।

-प्रशांत पटेल, तहसीलदार चांपा

# थर्माकोल कटर से युवक पर प्राणघातक हमला, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## सक्ती के वार्ड क्रमांक 1 की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

थर्माकोल कटर से युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके कब्जे से थर्माकोल पेपर कटर को जब्त किया है। घटना सक्ती के वार्ड क्रमांक 1 की है।

इस संबंध में सक्ती से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका पति अभय चैहान उर्फ साहिल उर्फ बोंगा को वार्ड नं. 01 निवासी कृष्णा सारथी के द्वारा हत्या करने की नियत से चाकू से प्राणघातक हमला करके गंभीर चोट पहुंचाया है। जिसके कारण कृष्णा को गंभीर चोट आई है जिसे ईलाज हेतु सीएचसी सक्ती में भर्ती करने पर सीएचसी सक्ती से जांजगीर एवं जांजगीर से बिलासपुर ईलाज के लिये हेतु रिफर किया गया। जिसका बिलासपुर में ईलाज चल रहा है। रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक प्रफ्फुल कुमार ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शक्ति डॉ. भुनेश्वरी पैकरा द्वारा आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के कुशल दिशा निर्देश प्राप्त कर घटना के स्वतंत्र गवाह को धारा 179 बी एन एस एस का नोटिस देकर तामिल कर प्रार्थिया के समक्ष गवाहों का कथन लिया गया। गवाह द्वारा अपने कथन में घटना के समय आरोपी कृष्णा सारथी के द्वारा अभय चैहान को जान से मारने की नियत से चाकू से मारकर चोट पहुंचाया गया तथा आहत अभय चौहान का कार्यपालिक दण्डाधिकारी बिलासपुर, से पत्राचार कर आहत का संचालक स्वास्तिक हास्पिटल बिलासपुर में मरणासन्न कथन दर्ज किया गया। मरणासन्न कथन में आरोपी कृष्णा सारथी के द्वारा थर्माकोल पेपर कटर से मारकर चोट पहुंचाना बताया है। प्रकरण के आरोपी कृष्णा सारथी पिता दयाशंकर सारथी को उसके सकुनत से तलब कर पूछताछ करने पर बताया कि 9 जुलाई को अभय चौहान द्वारा इससे बार बार पैसा मांगना नही देने पर मारपीट करता था। जिसके कारण तैश में आकर थर्माकोल कटर से गला सीना में प्राणघातक हमला किया। अपने पेंट के पाकिट से निकालकर पेश करने पर गवाहों के समक्ष में मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस लिया आरोपी का कृत्य धारा सदर का पाया गया है। आरोपी को 9 जुलाई को गिरफतार किया गया। गिरफतारी की सूचना उसके परिजनों को देकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक लखन लाल पटेल, थाना प्रभारी सक्ती के नेतृत्व में सउनि राजेश यादव, प्रशिक्षु उप निरीक्षक राहूल बाजपेयी सहित स्टाफ का योगदान रहा।

## छग लोक सेवा आयोग परीक्षा कल

**जांजगीर-चांपा।** छग लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्क एवं प्लाटून कमांड प्रारंभिक परीक्षा रविवार को आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 22 सौ से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर जिले में 7 केन्द्र बनाए गए है। ऑनलाईन प्रवेश पत्र का प्रिंट आउट। मूल पहचान पत्र जैसे मतदाता पहचान पत्र पासपोर्ट ड्राइविंग लाइसेंस पैनकार्ड आधार कार्ड अथवा ई-आधार कार्ड, यदि प्रवेश पत्र पर अभ्यर्थी का फोटो अस्पष्ट अथवा गलत छपा हो, केवल तभी 2 पासपोर्ट साइज के रंगीन फोटोग्राफ, काले अथवा नीले रंग के बॉलपाइंट पेन की अनुमति रहेगी।

## अनशन व बरसते पानी में चक्काजाम के दौरान मिले आश्वासन के बाद अब नई सड़क के लिए 6 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पामगढ़ से बलौदा बाजार मुख्य मार्ग पर डोंगाकोहरौद के पास बदहाल सड़क की तस्वीर और तकदीर संवारने राज्य शासन से 6 करोड 5 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। खास बात यह है कि डेढ़ दशक से बदहाल इस सड़क के जीर्णोद्वार के लिए ग्रामीणों ने बीते सप्ताह पांच दिनों तक आमरण अनशन किया था। इसके बाद बरसते पानी में वे चक्काजाम करने बैठ गए थे। पामगढ़ क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप पामगढ़ से लाहौद मार्ग स्थित डोंगाकोहरौद बस्ती तक सड़क निर्माण कार्य के लिए 605.09 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति के तहत 4.337 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया जाएगा। सड़क निर्माण पूर्ण होने पर क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। उल्लेखनीय है कि डेढ़ दशक से बदहाल इसी सड़क के जीर्णोद्वार को लेकर ग्रामीणों ने आमरण अनशन व चक्काजाम किया था।

### अपराध एवं कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस कप्तान ने दिए निर्देश

# कार्य में लापरवाही : थाना एवं चौकी प्रभारी को एसपी ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बम्हनीडीह क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री एवं नैला चौकी क्षेत्र में रात्रि गशत नहीं करने के मामले में पुलिस कप्तान ने संबंधित थाना एवं चौकी प्रभारी को कड़ी फटकार लगाई। वहीं जिले में अपराध एवं कानून व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर थाना प्रभारियों को निर्देशित किए।

ज्ञात हो कि शुक्रवार 10 जुलाई को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने पुलिस लाइन जांजगीर में जनरल परेड का निरीक्षण करने के बाद जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में कानून- व्यवस्था, लंबित अपराधों, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर कड़े निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों पर तत्काल और संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लापरवाही पर दो प्रभारी थाना बम्हनीडीह एवं चौकी प्रभारी नैला को कड़ी फटकार अपराध समीक्षा के दौरान कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी बम्हनीडीह दिलीप सिंह को उनके क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री के मामलों को लेकर कड़ी फटकार लगाई। चौकी प्रभारी नैला रंजीत कंवर को चौकी क्षेत्र की बड़ी बड़ी गांव में रात्रि गस्त नहीं करना, आपराधिक तत्वों के व्यक्तियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्यवाही नहीं करने पर सख्त चेतावनी दी। इसके अलावा थाना प्रभारी अकलतरा भास्कर शर्मा को हाल ही में पाकिस्तानी समर्थित स्लीपर सेल के एक सदस्य की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण सफलता हासिल करने पर विशेष रूप से प्रशंसित किया गया। वहीं थाना प्रभारी शिवरीनारायण कृष्ण पाल सिंह को एक गंभीर आपराधिक प्रकरण का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण करने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समीक्षा मीटिंग में एएसपी उमेश कुमार कश्यप, यातायात एएसपी उदयन बेहार, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, एसडीओपी अकलतरा प्रदीप कुमार सोरी, सीएसपी जांजगीर योगिताबाली खापर्डे, डीएसपी अजाक सतरूपा तारम रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



थाना प्रभारियों की बैठक लेते एसपी व एएसपी।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### जिला मिशन समन्वयक के सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित



**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत संकुल केंद्र डीडीएस बिर्रा में जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा हरिराम जायसवाल के सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन तीनों संकुल केंद्र डीडीएस, संकुल केंद्र सिलादेही और संकुल केंद्र बिर्रा के शैक्षिक समन्वयकों एवं संकुल प्राचार्यों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान निवर्तमान जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा हरिराम जयसवाल को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह ,पेन, डायरी, बुके आदि भेंट कर हर्षोल्लास के साथ सम्मानित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य रितेश रमण सिंह थे। अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि एकादशिया साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में मनोज कुमार तिवारी समाज सेवी एवं पूर्व शिक्षक संघ पदाधिकारी, बी. एल. चंद्राकर प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पेंशनर्स कल्याण संघ रायपुर, तोषण प्रसाद तिवारी सेवानिवृत्ति प्राचार्य , सुनील कुमार कुर्रे प्रभारी प्राचार्य शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा एवं श्रीमती सुप्रिया शुक्ला प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रितेश रमण सिंह ने कहा किसी भी सरकारी अधिकारी या कर्मचारी का सेवानिवृत्त का अर्थ केवल नौकरी से अवकाश है, जीवन से नहीं है। सेवानिवृत्त होना अंत नहीं होता है बल्कि नई जिम्मेदारियां की शुरुआत जरूर होती है। अनुभव और सेवा का सफर कभी समाप्त नहीं होता है। विशिष्ट अतिथि मनोज कुमार तिवारी ने कहा कि हरिराम जायसवाल ने अपने जीवन में संघर्ष, परिश्रम और समर्पण के बल पर शिक्षा विभाग में उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान किया है। वे विभिन्न पदों उच्चवर्ग शिक्षक , प्रधान पाठक एवं व्याख्याता के पद पर रहते हुए सेवा निवृत्त हुए। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि तोषण प्रसाद तिवारी ने भी संबोधित किय। इस अवसर पर संकुल केंद्र डीडीएस के शैक्षिक समन्वयक लखनलाल कश्यप, संकुल केंद्र सिलादेही के शैक्षिक समन्वयक गुरुप्रसाद भतपरे, एवं संकुल केंद्र बिर्रा के शैक्षिक समन्वयक रामकिशोर देवांगन ने श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह एवं मेमेंटो भेंट कर उनका सम्मान किया। शैक्षिक समन्वयक लखनलाल कश्यप ने पेन से उकेरा गया हरिराम जायसवाल का छायाचित्र भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता देवनारायण चौहान तथा अंत में आभार प्रदर्शन संकुल केंद्र डीडीएस के शैक्षिक समन्वयक लखनलाल कश्यप ने किया। कार्यक्रम में छबिलाल पटेल, बुद्धेश्वर कश्यप, ध्रुव कहार, पंचराम कश्यप ,तुलेश्वर देवांगन, रूपनारायण सरदार, किशन लाल साहू ,मनबोध पटेल, रामजी साहू ,सुंदरलाल निराला, लक्ष्मी देवांगन , फिरतराम केवट, एकादशीया खूंटे, श्रीमती पुष्पा पटेल, सरस्वती कुंभकार ,अनीता टोप्पो, अरुण कश्यप के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### साहित्य व लोक संस्कृति के संवर्धन की बनी कार्ययोजना

**बिर्रा।** संस्कार भारती छत्तीसगढ़ की 23वीं प्रांतीय साधारण सभा का आयोजन दुर्ग जिले के उमरपोटी स्थित श्रीजी पैलेस में बड़े ही उल्लास और संकल्प के साथ संपन्न हुआ। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय संयोजिका अनीता करकरे ने बताया कि संस्कार भारती द्वारा देशभर में किए गए सर्वेक्षण के माध्यम से 22 हजार से अधिक महिला कलाकारों का डेटा संकलित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इस विशाल डेटा के आधार पर अब महिला कलाकारों को उचित मंच प्रदान करने, उनके कौशल को निखारने के लिए प्रशिक्षण देने तथा उनकी कला को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में ठोस और योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आगामी वर्ष में प्रदेश के विभिन्न जिलों में चित्रकला कार्यशाला, शिल्पी शिविर, संगीत साधना, लोककला प्रशिक्षण, नाट्य कार्यशाला जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा और वर्षभर की उपलब्धियों को संकलित कर एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा। कार्यक्रम को राष्ट्रीय मंत्री रविंद्र बेडनेकर, प्रांतीय महामंत्री हेमंत माहुलीकर ने भी संबोधित किया। प्रांतीय कोष प्रमुख जगेश्वर सिंह ने आगामी वर्ष का बजट सभा के समक्ष रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष के.आर. कश्यप, जिला महामंत्री मनोज कुमार तिवारी, सह महामंत्री जयंत कुमार कश्यप, कार्यकारी अध्यक्ष संतराम वर्मा तथा साहित्य विधा संयोजक डॉ. जितेंद्र कुमार पटेल उपस्थित रहे।

### शासकीय राशि में गड़बड़ी का आरोप, जांच की उठी मांग

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत गतवा में पंचायत कार्यों के नाम पर वित्तीय अनियमितता और फर्जी बिलों के माध्यम से शासकीय राशि के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत सचिव द्वारा विभिन्न कार्यों के नाम पर प्रस्तुत किए जा रहे कथित फर्जी बिलों और अनियमितताओं की जानकारी सरपंच को होने के बावजूद आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर प्रस्ताव तैयार कर शासकीय राशि का आहरण किया जाता है, लेकिन कई मामलों में धरातल पर कार्य दिखाई नहीं देते। आरोप है कि सचिव द्वारा सरपंच के संरक्षण में फर्जी प्रस्तावों और बिलों के माध्यम से हर वर्ष लाखों रुपये की शासकीय राशि का भुगतान कराया जा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी उदासीन बने हुए हैं।

महिलाओं को विभागीय योजनाओं से जोड़ने दिए निर्देश

# कलेक्टर ने कोसा कारखाना एवं ककून बैंक का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के पारंपरिक कोसा उद्योग को नई दिशा देने की पहल करते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने सिवनी स्थित कोसा कारखाना एवं ककून बैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सिवनी के कोसा कारखाने को एक आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाए, जहां बड़े पैमाने पर महिलाओं और युवाओं को कोसा धागाकरण तथा हथकरघा बुनाई का प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा सके।

गुरुवार 9 जुलाई को कलेक्टरजन्मेजय महोबे ने सिवनी स्थित कोसा कारखाना एवं ककून बैंक का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों, प्रशिक्षण व्यवस्था तथा जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिले में कोसा धागाकरण एवं हथकरघा बुनाई को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को विभागीय योजनाओं से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने अधिकारियों से कहा कि ग्राम सिवनी स्थित कोसा कारखाना को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करते हुए बड़े पैमाने पर महिलाओं और युवाओं को कोसा धागाकरण एवं हथकरघा बुनाई का प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने विभागीय योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करने पर फोकस करने कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कोसा कारखाना परिसर में संचालित जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने जनपद पंचायत, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदार को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि प्रशिक्षण एवं उत्पादन गतिविधियों का विस्तार शीघ्र किया जा सके। निरीक्षण के दौरान रेशम विभाग के मधुप कुमार चंदन, हथकरघा विभाग के सहायक संचालक सौरभ सिंह ठाकुर, हैंडलूम कॉलेज के बिहारी लाल पटेल, एनसीएचएचडी के रंगारी, जनपद पंचायत बलौदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित नायक तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अनुभागीय अधिकारी श्री सूर्यवंशी उपस्थित रहे।



निरीक्षण करने जाते कलेक्टर जन्मेजय महोबे।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन से मिल रहा त्वरित समाधान, कलेक्टर स्वयं ले रहे नागरिकों से फीडबैक

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन और जनकेंद्रित प्रशासन की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बन रही है। जिले में कलेक्टर जन्मेजय महोबे स्वयं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण के बाद संबंधित नागरिकों से दूरभाष पर संपर्क कर समाधान की गुणवत्ता का फीडबैक ले रहे हैं। साथ ही अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जा रहे हैं कि शिकायतों का केवल औपचारिक नहीं, बल्कि संतोषजनक और स्थायी निराकरण किया जाए। इसी क्रम में पामगढ़ विकासखंड के ग्राम भंवतरा निवासी देवेन्द्र दिनकर ने राशन कार्ड एवं राशन आबंटन से संबंधित समस्या मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज कराई थी। संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई कर उनकी समस्या का निराकरण किया गया। इसके बाद कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने स्वयं श्री दिनकर से दूरभाष पर चर्चा कर समाधान के संबंध में जानकारी ली।

# सक्षम दिव्यांगों का आत्म विश्वास बढ़ाते हुए स्वावलबी बनाने कर रही कार्य : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- सक्षम स्थापना दिवस पर वृद्धाश्रम खोखरा में कार्यक्रम का हुआ आयोजन, वृद्ध जनों एवं दिव्यांगों को वितरण किया गया छतरी का

सक्षम जिला जांजगीर-चांपा द्वारा सक्षम स्थापना दिवस कार्यक्रम वृद्धाश्रम ग्राम खोखरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय थे। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में सक्षम के संरक्षक अनिल सोनी, अभिषेक शुक्ला, केशव मूर्ति सिंह, संतोष कुमार कश्यप उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा संत सूरदास के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि एसपी विजय पाण्डेय ने दिव्यांग महा पुरुषों को स्मरण करते हुए कहा कि संत सूरदास, अष्टावक्र जी, लुई ब्रेल, हेलन केलर आदि ऐसे महापुरुष हुए जिनकी प्रेरणा से प्रेरणा लेकर सक्षम जैसी संस्था दिव्यांगों का आत्म विश्वास बढ़ाते हुए उन्हें स्वावलंबी बनाने समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य कर रही है। सक्षम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में अपना सहयोग भविष्य में भी प्रदान करते रहेंगे। सक्षम का संक्षिप्त परिचय देते हुए सक्षम जिला सचिव संतोष सोनी ने बताया कि सक्षम दिव्यांगों के हित में कार्य करने वाली एक राष्ट्रीय सेवा संस्थान है, जो दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु कृत संकल्पित है। सक्षम का पूरा नाम समदृष्टि क्षमता विकास एवं अनुसंधान मंडल है। सक्षम की स्थापना 20 जून 2008 में हुई थी। संस्था के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री सम्मान प्राप्त स्वर्गीय दामोदर गणेश बापट थे। सक्षम दिव्यांगों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के साथ उन्हें स्वावलंबी बनाने, उन्हें उनके अधिकारों से अवगत कराने, शासन की लाभदायक योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ साथ नेत्र दान,रक्त दान एवं देहदान जैसे पुनीत कार्य हेतु जन जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित करती है। सक्षम के द्वारा प्रति वर्ष कुछ महत्वपूर्ण पर्व मनाए जाते हैं। उनमें से एक सक्षम स्थापना दिवस भी है। सक्षम जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर कमल किशोर कौशिक ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत दिव्यांगता के 21 प्रकारों डॉक्टर विषय में जानकारी दी। सविता प्रकोष्ठ प्रमुख डॉक्टर आशीष जायसवाल ने सक्षम के विभिन्न आयाम एवं प्रकोष्ठ के विषय में जानकारी दी। सक्षम की दिव्यांग मित्र योजना,वार्षिक सदस्यता, आजीवन सदस्यता एवं संरक्षक सदस्यता योजना के विषय में चर्चा करते हुए जिला कोषाध्यक्ष गणेश सराफ ने बताया कि रुपये 5 सौ रुपए की सहयोग राशि प्रदान कर दिव्यांग मित्र बनकर या सक्षम के वार्षिक सदस्य अथवा आजीवन सदस्यता सहयोग राशि प्रदान कर सक्षम को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाया जा सकता है। संगठन मंत्र का पाठ डॉक्टर कमल किशोर कौशिक ने किया। तत्पश्चात सक्षम गीत सुश्री छाया डडसेना ने प्रस्तुत किया। इस दौरान आश्रम में निवास करने वाले वृद्ध जनों, दिव्यांगों को सक्षम के द्वारा छतरी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव संतोष कुमार सोनी ने किया एवं सक्षम के संरक्षक अनिल सोनी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आश्रम की अधीक्षिका श्रीमती बर्मन, संजय देवांगन, चंद्रकांत देवांगन, श्रीमती ज्योति सराफ सहित वृद्धाश्रम के 40 सदस्य, 7 दिव्यांग जन सहित कुल 54 लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में मंचस्थ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय एवं अन्य अतिथि।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राहौद

विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर राहौद इकाई द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार चंद्रकांत चंदवंशी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुरेश साहू ने की। इस अवसर पर नगर मंत्री प्रांशु कृष्णा गुप्ता सहित परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि चंद्रकांत चंदवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा, राष्ट्र निर्माण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य सुरेश साहू ने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार, चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में अधिवक्ता नंदलाल सिंह, गोविंद कश्यप, मोतीदास महंत तथा सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षकगण उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने हेतु सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुमारी निशा ने प्रथम, रिया यादव ने द्वितीय तथा आकाश शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर धीरेंद्र नाथ योगी, ऋषभ नाथ योगी ने भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर समस्त कार्यकर्ताओं एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए संगठन के राष्ट्र निर्माण एवं छात्रहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में परिषद के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार अनंत, पालेश सिंह राज, प्रांत सोशल मीडिया टोली सदस्य शुशांक शर्मा, विशाल चंदेल, जलाराम निषाद, विक्की यादव, हितेश चंदेल, अनुराग, हिमांशु यादव, चंद्राकर, सुनील देवांगन, आयुष चंदेल, मितेश, राहुल कश्यप सहित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अनेक कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम के सामूहिक उद्घोष के साथ हुआ।



## पद्म विभूषण पंडवानी गायिका स्व. तीजन बाई का जीवन कला साधकों के लिए प्रेरणादाई

**चांपा।** पद्म विभूषण स्व. तीजन बाई के निधन पर बीटीएस फिल्म प्रोडक्शन चांपा द्वारा श्री कृष्ण गौशाला परिसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यहां उपस्थित बीटीएस फिल्म प्रोडक्शन के कलाकारों एवं जनमानस द्वारा स्वर्गीया पद्म विभूषण विश्व विख्यात तीजन बाई के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रमाकांत सोनी ने कहा कि तीजन बाई महाभारत पंडवानी के कापालिक विधा पर पंडवानी का अद्भुत प्रदर्शन करने वाली मां सरस्वती की सच्ची पुत्री थी। फिल्म लेखक, कलाकार ,रचनात्मक निर्देशक गिरधारी यादव ने कहा कि प्रतिभा जहां भी जिस भी परिस्थिति में हो वह अपनी मेहनत से मुकाम हासिल कर ही लेता है। लोकगायिका तीजन बाई का जीवन अत्यंत कठिनाई और संघर्षों से भरा रहा है फिर उन्होंने अपनी कला साधना से विश्व स्तर पर उनका व्यक्तित्व कल साधकों को प्रेरणा देता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा को साहित्यकार शशि भूषण सोनी, पत्रकारअनंत थवाईत, साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डॉ.रविंद्र द्विवेदी, बीटीएस फिल्म प्रोडक्शन के संस्थापक निर्माता-निर्देशक अखिलेश कोमल पांडे ने भी संबोधित किय। श्रद्धांजलि सभा के अंत में कलाकार उपस्थित जनों ने दो मिनट मौन धारण कर सभी उपस्थित जन एवं कलाकारों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



## छह सूत्रीय मांगों को लेकर संघ ने सौंपा ज्ञापन



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, कर्मचारी अधिकारी पेंशनर एसोसिएशन, स्वास्थ्य संयोजक कर्म संघ, आई टी आई कर्म संघ, कृषि विस्तार अधिकारी संघ, छात्रावास अधीक्षक संघ के संयुक्त नेतृत्व मे 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप को सौंपा गया। प्रमुख मांगो में 1 जनवरी से लंबित महंगाई भत्ता देना, पिछले बजट में घोषित कैशलेस चिकित्सा सेवा शुरुआत करना, अवकाश नकदीकरण 300 दिन करना, दैनिक वेतन भोगी, अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण करना, शिक्षक शिक्षक एल.बी.संवर्ग के लिये प्रथम नियुक्त तिथि से समस्त लाभ देना, अनुकम्पा नियुक्ति की 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त करते हुए सभी पात्र को नियुक्ति देना है। ज्ञापन सौंपने वालों में विश्वनाथ सिंह परिहार, महेश राठौर, जी एस उपाध्याय, शत्रुहन राठौर, विष्णु कश्यप, मनहरण थवाईत, के.के थवाईत, आर.पी. देवांगन, रजोला बंजारे, दालान राठौर, मोहन कश्यप, डी. आर. बानी, भागवत साहू, चंदूलाल यादव, काशी श्रीवास, भुवनेश्वर चंद्र, के. एन. रजक शामिल रहे।

## मड़वा विद्युत संयंत्र में मुख्य अभियंता ने किया पालना घर का शुभारंभ

**जांजगीर-चांपा।** अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में संयंत्र परिसर में नए पालना घर का शुभारंभ मुख्य अभियंता एचएन. कोसरिया के हाथों किया गया। पालना घर के शुभारंभ के साथ ही विद्युत संयंत्र के महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने बच्चों के लालन-पालन एवं सुरक्षा को लेकर चिंता नहीं रहेगी। हर महिला कर्मचारी निश्चिंतता के साथ विद्युत कंपनी में अपने कार्यदायित्वों को पूरा कर सकेंगी। पालना घर का समय सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक रहेगा। यहां बच्चों को आराम करने, खेल सामाग्री, मनोरंजन के लिए टीवी व साउंड बॉक्स की सुविधा की उपलब्धता है। शुभारंभ समारोह के साथ ही पालना घर परिसर में मुख्य अभियंताएचएन. कोसरिया, अतिरिक्त मुख्य अभियंता आलोक लकरा, आरएल ध्रुव, एन. लकरा और आरके. नायक द्वारा पौधरोपण किया गया।



## उच्च शिक्षा टंकराम वर्मा से मिले राजेश्री महंत रामसुंदर दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

श्री महन्त लाल दास कला एवं विज्ञान महाविद्यालय शिवरीनारायण को छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा बीकॉम, बीएससी माइक्रोबायोलॉजी, बीएससी बायोटेक्नोलॉजी तथा एमए भूगोल के लिए नवीन संकाय प्रारंभ करने की अनुमति मिली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा सत्र 2026 -27 में महाविद्यालय को बीकॉम के लिए 40 सीट नवीन संकाय, एमए भूगोल के लिए 25 सीट नवीन संकाय तथा बीएससी माइक्रोबायोलॉजी एवं बीएससी बायोटेक्नोलॉजी के लिए 30-30 सीट अतिरिक्त विषय के रूप में मान्यता मिली है। इससे जहां एक ओर महाविद्यालय परिवार में प्रसन्नता व्याप्त है वहीं दूसरी ओर छात्र-छात्राओं को अपने अंचल में ही रहकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा को लेकर अभिभावकों के बीच भी हर्षोल्लास व्याप्त हुआ है। महाविद्यालय के इस उपलब्धि के लिए महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास ने छत्तीसगढ़ राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि उन्होंने कुछ दिन पहले ही मंत्री से उनके बंगले में पहुंचकर अपने सहयोगियों सहित सौजन्य भेंट-मुलाकात की थी। भेंट मुलाकात करने वालों में राजेश्री महंत के साथ शिवरीनारायण मठ ट्रस्ट कमेटी के सदस्य सुखराम दास, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव एवं हर्ष दुबे विशेष रूप से शामिल थे।



मंत्री टंकराम वर्मा के साथ उपस्थित राजेश्री महंत एवं अन्य।

10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के तहत विद्यार्थियों ने ली नशामुक्त भारत की शपथ

# नशामुक्त जीवन एवं श्रेष्ठ संस्कार ही सफलता की मजबूत नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा संचालित 10 करोड़ नशामुक्ति प्रतिज्ञा महाअभियान के अंतर्गत शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोंड़ी दलहा, शासकीय हाई स्कूल अकलतरी, शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पोंड़ी दलहा, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पोंड़ी दलहा तथा शासकीय प्राथमिक शाला पोंड़ी दलहा में विशेष जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों एवं युवाओं को तंबाकू, शराब, अन्य नशीले पदार्थों तथा मोबाइल की बढ़ती लत के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि नशामुक्त जीवन, श्रेष्ठ संस्कार और आत्मविश्वास ही सफलता की मजबूत नींव हैं। साथ ही राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से आत्मबल, एकाग्रता एवं सकारात्मक सोच विकसित कर जीवन को सही दिशा देने का संदेश दिया गया। ब्रह्माकुमारी मंजू के मार्गदर्शन में शांतिदूतों ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का बच्चा और युवा ही कल के भारत का भविष्य है। यदि बचपन से ही नैतिक मूल्यों, अच्छे संस्कारों और नशामुक्त जीवन की प्रेरणा दी जाए तो स्वस्थ, सशक्त एवं चरित्रवान समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से मोबाइल का संयमित उपयोग करने, नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशा न करने, मोबाइल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा नशामुक्त एवं संस्कारवान भारत के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने की सामूहिक प्रतिज्ञा ली। विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों एवं स्टाफ ने इस जनजागरूकता अभियान की सराहना करते हुए इसे वर्तमान समय की अत्यंत महत्वपूर्ण सामाजिक पहल बताया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ का संदेश दिया गया कि हर युवा बने नशामुक्त, हर बच्चा बने संस्कारयुक्त। मोबाइल का करें सदुपयोग, नशे से रखें स्वयं को दूर। राजयोग अपनाएं, आत्मबल बढ़ाएं और नशामुक्त, संस्कारवान भारत के निर्माण में अपना योगदान दें।




नशामुक्त एवं संस्कारवान भारत के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने प्रतिज्ञा लेते विद्यार्थी।

## नगर पालिका अध्यक्ष ने किया पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य का शुभारंभ

**सक्ती।** नगर पालिका परिषद सक्ती में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने नगर पालिका परिसर में पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य का विधिवत पूजन-अर्चन एवं श्रीफल फोड़कर शुभारंभ किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए परिषद लगातार कार्य कर रही है। विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, पेवर ब्लॉक सहित अनेक विकास कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी वार्डों के लिए कई विकास कार्य स्वीकृत हो चुके हैं, जिनका निर्माण चरणबद्ध तरीके से कराया जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप, उच्च गुणवत्ता एवं समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कार्यों की नियमित निगरानी भी की जाएगी। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले समय में नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों की गति और तेज होगी। इस अवसर पर नगर पालिका के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### केन्द्र व राज्य सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने कचहरी चौक पर किया विरोध प्रदर्शन




**सक्ती।** जिला कांग्रेस कमेटी सक्ती द्वारा शुक्रवार 10 जुलाई को जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर कांग्रेस नेताओं को प्रताड़ित करने के विरोध में कचहरी चौक में जोरदार प्रदर्शन किया गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे तथा केंद्र सरकार और राज्य की भाजपा सरकार के विरोध में नारेबाजी की। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती रश्मि गबेल, बलराम पांडे, श्याम कुमार केवट, कुशल कश्यप, रामप्यारे सिदार, राकेश राठौर, गोपाल भारद्वाज, पिंटू ठाकुर , घनश्याम देवांगन, लाला सोनी, भुनेश्वर चंद्रा, ताम्रध्वज चंद्रा, चन्द्रकुमार सोनी, ओमप्रकाश पटेल, धनीराम सोनवानी, चन्द्रकुमार गबेल ,अशोक गबेल, कार्तिक साहू ,कुंजाम साहू ,भीष्म साहू, प्रताप चन्द्रा ,देवा लहरें, भीष्म देव भारती,राहूल भारद्वाज, विजय चन्द्रा, रामप्रसाद यादव, चन्द्रीका देवानंन,बंजरीहा यादव, देवानंद जायसवाल, मेनिका जायसवाल, अलका जायसवाल, सावित्री गबेल,साक्षी युगल बंजारे , गायत्री सिधार ,सटीक अहमद , सत्यपाल महंत ,सोमू यादव, लालू यादव, विशाल जांगड़े, रोहित यादव, सन्नी यादव, राजेन्द्र यादव, सोनू तंबोली, अमित राठौर, भुरू अग्रवाल, रशीद खान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## निधन

### विष्णु प्रसाद मोदी



**चांपा।** स्थानीय डोंगाघाट चौक निवासी अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित नागरिक एवं व्यवसायी विष्णु प्रसाद मोदी का शुक्रवार 10 जुलाई को सुबह निवास पर निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। स्व. मोदी अपने पीछे पत्नी समेत दो पुत्रों एवं एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को ही दोपहर 2.15 बजे हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र मनीष मोदी ने दी।

आने जाने वाले लोगों को हो रही परेशानी, ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार

# निकासी व्यवस्था ठप, कुरदा मुख्य मार्ग पर जमा हो रहा बरसाती पानी

हरिभूमि न्यूज: चांपा

नगर के तहसील कार्यालय से आगे चांपा से ग्राम कुरदा मुख्य मार्ग में छुईहा तालाब के पास बरसात की पानी की निकासी व्यवस्था ठप होने के कारण सड़क के ऊपर घुटनों से भी ऊपर पानी जमा हो जा रहा हैं, जिससे इस मार्ग पर आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। इस जगह से सड़क पार करने से वाहनों का आधा हिस्सा पानी में डूब जाता हैं और लोगो के कपड़े गीले हो जाते है एवं वाहनों के चक्के से छिटकने गंदे पानी लोगों के ऊपर पड़ता हैं, जिससे इस मार्ग पर चलने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

सड़क चांपा से ग्राम कुरदा होते हुए कोरबा रोड को जाता हैं जिसमे कोरबा चांपा एवं अन्य यात्री बसे इसी मार्ग से चलती हैं। इस मार्ग पर छात्र-छात्राओं,



मार्ग में भरा पानी एवं गुजरते वाहन चालक।

यात्री बसे और आम लोगों का निरंतर आवागमन बना रहता हैं, काफी व्यस्त मार्ग है। जल निकासी की व्यवस्था चौपट हो जाने से बारिश की पानी सड़क पर घुटनों से भी ऊपर जाम हो जाती हैं, जिससे लोगों को सड़क पार करने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं और दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती हैं। जल निकासी के लिए सड़क के किनारे नाली बनी हुई हैं जिससे आस पास के घर वालों के द्वारा मिट्टी पाटकर बंद कर दिया गया है और सड़क पर जल निकासी के लिए पुल बना है उसे भी बंद कर दिया गया है, जिससे बारिश की पानी की निकासी अवरुद्ध हो गई है। पानी सड़क के ऊपर घुटनों से भी ऊपर भर जाता हैं जिससे आने जाने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। संबंधित क्षेत्र विकास खंड बलौदा के ग्राम पंचायत कुरदा के अंतर्गत आता हैं और सड़क लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आता हैं। जल निकासी की उचित व्यवस्था करने ग्रामीणों द्वारा मंगलवार 7 जुलाई को कलेक्टर को आवेदन दिया गया था, उनके द्वारा नगर पालिका चांपा के अधिकारियों को जल निकासी व्यवस्था व समस्या का समाधान करने निर्देशित किया गया है, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ हैं और सड़क पर कीचड़ युक्त पानी जाम है, जिससे आने जाने वाले आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती हैं। यह समस्या बारिश के दिनों में पिछले कई सालों से बनी हुई हैं, एक सप्ताह से भी ज्यादा हो गया जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क पर पानी भरा हुआ हैं और आने जाने वाले लोग समस्या से जूझ रहे हैं।



स्वच्छग्राही के साथ उपस्थित राज्य सलाहकार एवं संभाग प्रभारी मोनिका सिंह।

## स्वच्छ भारत मिशन राज्य सलाहकार ने जूनाडीह का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज: जांजगीर-चांपा

स्वच्छता गतिविधियों को बेहतर बनाने एवं समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की दिशा में जनपद पंचायत बलौदा के ग्राम पंचायत जुनाडीह का राज्य सलाहकार एवं संभाग प्रभारी बिलासपुर श्रीमती मोनिका सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राज्य सलाहकार श्रीमती सिंह ने सभी स्वच्छाग्राही से गांव में हो रहे कचरा कलेक्शन एवं एसडब्ल्यूएम नियम के तहत होने वाले 4 प्रकार के कचरे का पृथकीकरण के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। ग्रामीणों द्वारा घर से देने वाले कचरे को अलग अलग करने हेतु आग्रह एवं सभी लोगो को प्रेरित किया गया। यूज़र चार्जेस एवं प्रोत्साहन राशि के विषय में चर्चा कर स्वच्छग्राहियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान स्वच्छाग्राही के अध्यक्ष, सचिव, समूह की दीदियां व गांव के सरपंच, सचिव,ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

- स्वचग्राही प्रकार के कचरे का पृथकीकरण के बारे में विस्तार से की चर्चा

## साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : तारम

हरिभूमि न्यूज: बिर्रा

पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत करने के उद्देश्य से जिले में लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना बिर्रा क्षेत्र के ग्राम करही स्थित हाई स्कूल में साइबर सुरक्षा एवं नए आपराधिक कानूनों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को कानूनी जानकारी दी गई।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में डीएसपी अजाक सतरूपा तारम ने छात्र- छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) की महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी साझा करने के



खतरे, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रभावी उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंकिंग विवरण या ओटीपी साझा न करें तथा किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन या निकटतम पुलिस थाना से संपर्क करें। इस अवसर पर डीएसपी सतरूपा तारम ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक होना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। बच्चों में कानूनी जागरूकता और डिजिटल सुरक्षा की समझ विकसित करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा के विद्यार्थियों को खेल सामग्री भी वितरित की।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी किया हो आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के वे बच्चे जिन्होंने उत्कृष्ट योगदान दिया है, नामांकन के लिए पात्र हैं।

